सत्यमेव जयते

रमेश कृष्णामूर्ति, भा.रा.से.
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त
**RAMESH KRISHNAMURTHI, IRS**
**Central Provident Fund Commissioner**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
मुख्य कार्यालय : एनबीसीसी टॉवर, कार्यालय ब्लॉक-2,
भूतल-चौथी मंजिल, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023
दूरभाष : 011-20815653
**Employees' Provident Fund Organisation**
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
Head Office : NBCC Tower, Office Block-2,
Ground-4th Floor, East Kidwai Nagar,
New Delhi-110 023
Phone : 011-20815653

अ.शा.सं. हि.अ./8(7)2025/ हिंदी पखवाड़ा/1630

दिनांक : 20 अगस्त, 2025

## अपील

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निदेशानुसार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सभी कार्यालयों में 14 सितंबर से 29 सितंबर, 2025 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। संगठन के सभी कार्यालयों के प्रशासनिक प्रधानों का यह उत्तरदायित्व है कि वे अपने कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करें।

मुझे उम्मीद ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि आप निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान देते हुए राजभाषा के प्रचार-प्रसार में सहयोग करेंगे :

सभी उच्च अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों /कर्मचारियों से समय-समय पर राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यों के विषय में चर्चा करें तथा उन्हें भौतिक फाईलों / ई-फाईलों में सामान्य टिप्पणियां हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहित करें।

i. कार्यालय में होने वाली सभी विभागीय / प्रशासनिक बैठकों में सरल एवं बोलचाल की हिंदी का प्रयोग करें तथा अन्य अधिकारियों / कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करें।
ii. राजभाषा हिंदी को और अधिक सामर्थ्यवान बनाने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं के सरल-सुगम शब्द भी अपने लेखन/बोलचाल में शामिल करें।
iii. कार्यालय के सभी कंप्यूटर यूनिकोड समर्थित हों, सभी में द्विभाषी रूप में कार्य करने की सुविधा हो ताकि हिंदी पत्राचार में वृद्धि की जा सके।
iv. मूल पत्राचार में राजभाषा हिंदी को प्राथमिकता देते हुए अधिकाधिक पत्राचार हिंदी में करना सुनिश्चित करें जिससे कि राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित हिंदी पत्राचार के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।
v. गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निदेशानुसार पखवाड़े के दौरान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए।
vi. राजभाषा के प्रसार को सतही न रहने दें बल्कि इसे एक मिशन के रूप में लेकर अपने आस-पास के माहौल को ऊर्जामय बनाएं।

मैं इस अवसर पर संगठन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी पखवाड़े के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और उनसे अनुरोध करता हूं कि हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लें और इसे सफल बनाएं।

रमेश

**(रमेश कृष्णमूर्ति)**

प्रतिलिपि :-

संगठन के समस्त अधिकारी व कर्मचारी-गण।
संगठन की वेबसाइट के माध्यम से